# उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

# Uttarakhand Power Corporation Ltd.

(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking)

CIN : U40109UR2001SGC025867

Email ID: edhr@upcl.org, Website: www.upcl.org


उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

पत्रांक : 5833 /अधि0निदे0(मा0सं0) / उपाकालि / EDO दिनांक : 31/12/25

विषय: कारपोरेशन में कार्यरत अधिकारियों / अधिकारिकों को गणतंत्र दिवस 2026 पर उनकी विशिष्ट उपलब्धियों / सेवाओ हेतु कारपोरेशन स्तर पर पुरस्कृत किये जाने के सम्बन्ध में।

निदेशक (परियोजना / परिचालन / वित्त)
समस्त मुख्य अभियंता (वितरण),
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
.................................................
.................................................

महत्वपूर्ण / समयबद्ध

उपर्युक्त विषयक जैसा कि आप विदित हैं कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कारपोरेशन स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से अधिकारियों / अधिकारिकों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों / कार्यों / सेवाओं के आधार पर पुरूस्कृत कर सम्मानित किया जाता है । इसी क्रम में इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस–2026 के शुभ अवसर पर कारपोरेशन के कर्मठ व निष्ठावान कार्मिकों को कारपोरेशन स्तर पर पुरस्कृत व सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है ।

इस सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि कृपया कारपोरेशन के कर्मठ व निष्ठावान कार्मिकों को कारपोरेशन स्तर पर पुरस्कृत व सम्मानित किए जाने हेतु आप अपने अधीनस्थ समस्त इकाईयों में कार्यरत अधिकारियों / अधिकारिकों के नामांकन (अधिकतम 04 नाम प्रत्येक वितरण क्षेत्र से) एवं उनकी विशिष्ट उपलब्धियों / कार्यों के विवरण अपनी स्पष्ट संस्तुति सहित सक्षम स्तर पर विचार हेतु निम्नलिखित प्रारूप में भरकर हार्ड एवं साफ्ट प्रति (ई–मेल आई0डी0 edhr@upcl.org) विलम्बतः दिनांक 10.01.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अवश्यमेव उपलब्ध कराने का कष्ट करें । निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त नामांकनों पर विचार नहीं किया जाएगा :

| क्र0सं0 | कार्यालय का नाम | नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर | तैनाती स्थल | उपलब्धियॉं / सेवायें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

उपर्युक्त के अतिरिक्त यह भी अवगतनीय है कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस जैसे महत्वपूर्ण सुअवसर पर कार्मिकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से नामांकन प्राप्त किये जाते हैं । किन्तु यह देखा गया है कि नामांकन एक पुनरावृत्ति एवं नीरस रूप में साधारण वृतांत के साथ भेजा जाता है साथ ही एक ही मण्डल / खंड / उपखंड से अनेको विशिष्टताओं को नामांकित किया जाता है जिससे इस समारोह का लक्ष्य एवं मंतव्य परास्त सा हो जाता है । अतः उक्त आयोजन की महत्ता के दृष्टिगत, अपने स्तर पर सम्बन्धित कार्मिको की विशिष्ठ उपलब्धियों / कार्यों / सेवाओं इत्यादि की Scrutiny करते हुए सीमित संख्या में कार्मिकों के नामांकन (पूर्ण विवरण के साथ) स्पष्ट संस्तुति सहित मुख्यालय को प्रस्तुत किये जायें।

(डॉ0 आर0 जे0 मलिक)
अधिशासी निदेशक (मा0सं0)

पत्रांक–5833 / अधि0निदे0(मा0सं0) / उपाकालि / EDO/तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. स्टाफ ऑफिसर–1, प्रबन्ध निदेशक को प्रबन्ध निदेशक, महोदय, उपाकालि के संज्ञानार्थ।
2. अधीक्षण अभियन्ता (मा0सं0), उपाकालि, वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
3. अधिशासी अभियन्ता (का0मे0), उपाकालि, वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
4. अधिशासी अभियन्ता (सू0 प्रौ0), उपाकालि, वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।